Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to construct bridge in Simri Bakhtiarpur in Saharsa district in Khagaria Lok Sabha Constituency.

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र खगड़िया के अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा की एक बड़ी आबादी पश्चिम-पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर रहती है । उस कोसी नदी को बिहार का अभिशाप कहा जाता है । इन लोगों का आज भी मुख्यालय से सीधा सम्पर्क नहीं है । ये लोग नाव द्वारा नदी पार कर मुख्यालय जाते हैं, जो कि वर्षा और सैलाब के समय बहुत ही जोखिम भरा होता है । मैंने पत्र के माध्यम से कई बार केन्द्र सरकार एवं बिहार सरकार को इससे अवगत कराया है । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात रखिए ।

चौधरी महबूब अली कैसर : उसका सर्वे भी हाल में हुआ है । अत: मेरा आपके थ्रू निवदेन है कि सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के कठडूमर घाट या सलखुआ प्रखंड के डेंगराही घाट दोनों जगहों में से जहां भी सरकार को सुविधा हो, वहां पुल का निर्माण सुनिश्चित किया जाए ।